अमर उजाला 03/05/2024

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अंश को स्वर्ण

मेडल पहनाकर सम्मानित करते प्राचार्य। संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में हरियाणा राज्य ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में वीरवार को ओपन हरियाणा स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में अंबाला, कुरुक्षेत्र और पानीपत के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थी अंश देवान ने कुरुक्षेत्र और पानीपत के खिलाड़ियों को हराकर सीनियर कैटेगरी में अंडर 68 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ी का महाविद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया गया।

इस दौरान प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थी को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस मौके पर प्रोफेसर बृजेश गुप्ता और रुपाली उपस्थित रहे ।